तृतीय राष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन आयोजित

उत्तराखंड जल विद्युत निगम एवं आईआईटी रूडकी के सहयोग से केन्द्रीय जल आयोग द्वारा आयोजित तृतीय राष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन आज रूडकी में सम्पन्न हो गया। इस सम्मेलन में बांध सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिनका सामना वर्तमान में जारी बांध सुरक्षा पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (डीआरआईपी) के कार्यान्वयन में करना पड़ रहा है।

- विभिन्न राष्ट्रीय एवं विदेशी विशेषज्ञों द्वारा ज्ञान, अनुभव, नवोन्मेषन, नवीन प्रौद्योगिकियों आदि साझा किये जाने से बांध डिजाइन, निर्माण, परिचालन एवं रख-रखाव से जुड़ी अनिश्चितताओं को कारगर ढंग से प्रबंधित करने के लिए कार्य नीतियों को आकार देने में और मदद मिली।
- इस सम्मेलन को काफी उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिसमें 400 से अधिक शिष्टमंडलों ने भाग लिया तथा देश के भीतर और देश के बाहर के विशेषज्ञों के 70 से अधिक तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किये गये।
- लगभग 40 राष्ट्रीय एवं विदेशी संगठनों ने सम्मेलन स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी के जरिए अपनी प्रौद्योगिकियों, उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित किया।
- इस समारोह में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड तथा जर्मनी के पेशेवर व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।
- सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास मंत्रालय में सचिव डॉ. अमरजीत सिंह द्वारा उत्तराखंड सरकार के मुख्य सचिव श्री एस. रामस्वामी, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के एनएमसीजी के महानिदेशक श्री यू.पी. सिंह, आईआईटी रूडकी के निदेशक प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी एवं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा डीआरआईपी कार्यान्वित करने वाले अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

राष्ट्रीय खबर

राधा मोहन सिंह ने बीकानेर में भारत के पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि मेले -2017 का उद्घाटन किया

कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने आज बीकानेर में भारत के पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि मेले -2017 का उद्घाटन किया।

- श्री सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में अधिकांश प्रखंड सूखे और अभावग्रस्त क्षेत्रों में तबदील हो गए हैं।
- ऐसी परिस्थितियों में वैज्ञानिकों को ऐसी तकनीकों एवं बीजों की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करना चाहिए, जो पानी की कम मात्रा के साथ अपनाए जाने योग्य हों।
- उन्होंने यह भी कहा कि किसानों एवं वैज्ञानिकों को कृषि में पानी के प्रत्येक बूंद के उपयोग के लिए साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।
- कृषि मंत्री ने भारतीय पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि मेले 2017 के अवसर पर बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर उक्त उद्गार व्यक्त किये।
- कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने सिंचाई के लिए अधिकतम क्षमता को श्रेणीबद्ध करने तथा सूखे से संबंधित समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आरंभ की है।
- उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक खेत के लिए पानी की व्यवस्था करना है। सरकार ने किसानों के लिए एक अन्य महत्वकांक्षी कार्यक्रम मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आरंभ की है।
- अब किसान अपनी मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकने में सक्षम हो जाएंगे, जिसका परिणाम उनके खेतों में अधिक उत्पादन के रूप में सामने आएगा।

राष्ट्रीय खबर

एयरोबैटिक डिस्पले टीमों के साथ ऐरो इंडिया 2017 संपन्न

एयरो इंडिया 2017 के सफल समापन को चिन्हित करने तथा एयर शो के दौरान पिछले कुछ दिनों के सार्थक संबंधों की यादगारी के एक प्रतीक के रूप में आज एयरोबैटिक डिस्पले टीमें आज एकजुट हुईं।

- स्कैन्डिनेविया टीम के

राष्ट्रीय खबर

ग्रुममैन जी-164 एवं याकोवलेव टीम के याक-50 के सामने पोज करते हुए सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम (एसकेएटी), याकोवलेव एवं स्कैन्डिनेविया की टीमों के स्टंट पायलटों ने अपने तीन ‘स्काईकैट्स’ के साथ मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया।

- विंग कमांडर अजीत कुलकर्णी के नेतृत्व में एसकेएटी पायलट अपने लाल फ्लाइंग चौगा में देदीप्यमान दिखे।
- स्कैन्डिनेविया टीम के लीडर जैकोब हॉलेंडर का फ्लाइंग सूट उनके फ्लाइंग मशीन के रंग के साथ मैच कर रहा था जबकि स्काईकैट्स ने फोटोग्राफ के लिए खुद को पीले तथा नीले वायुयान के ऊपर रखा।
- जेज के नेतृत्व में याकोवलेव के पायलट अपने काले फ्लाइंग सूट में बहुत पेशेवर दिख रहे थे।
- ‘फोटो सत्र’ के बाद एसकेएटी रणबांकुरो ने दर्शकों के साथ मुलाकात की एवं उनसे हाथ मिलाए तथा स्मृति चिन्हों का वितरण किया।

विकास स्वरूप कनाडा के उच्चायुक्त नियुक्त

भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विकास स्वरुप को 16 फरवरी 2017 को कनाडा में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया. वे अरुण कुमार साहू का स्थान लेंगे. विकास स्वरुप इससे पूर्व नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता पद पर कार्यरत थे.

- विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता पद पर रहते हुए उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर विदेश मंत्रालय की राय विश्व के सामने रखी. उनके स्थान पर यह पद कौन संभालेगा इसकी जानकारी मंत्रालय द्वारा अभी नहीं दी गयी.
- विकास स्वरुप लेखक भी हैं, उनके द्वारा लिखे गये उपन्यास ‘क्यू एंड ए' पर ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त करने वाली फिल्म ‘स्लमडॉग मिलेनियर’ भी बनाई जा चुकी है.
- वे वर्ष 1986 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं.
- वर्ष 2000 से 2003 के मध्य लंदन में तैनाती के दौरान उन्होंने अपना पहला उपन्यास ‘क्यू एंड ए’ लिखा.
- यह उपन्यास 43 भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है.
- उन्होंने टाइम, न्यूज़वीक, द गार्जियन, द टेलीग्राफ (ब्रिटेन), द फाइनेंशियल टाइम्स (ब्रिटेन) और लिबरेशन समेत कई पत्र-पत्रिकाओं के लिए भी लिखा.
- वे मूलतः लखनऊ के रहने वाले हैं.
- विकास का दूसरा उपन्यास 'सिक्स सस्पेक्ट्स' वर्ष 2016 में प्रकाशित हो चुका है. इस उपन्यास पर बीबीसी द्वारा फिल्म बनाई जा रही है.

नियुक्ति

पुरस्कार

हिंदी लेखक सुरेन्द्र वर्मा व्यास सम्मान हेतु चयनित

हिंदी के प्रसिद्ध लेखक एवं विद्वान् सुरेन्द्र वर्मा को वर्ष 2016 के व्यास सम्मान हेतु चयनित किया गया. उन्हें उनके उपन्यास 'काटना शमी का वृक्ष: पद्मपंखुरी की धार से'के कारण इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया.

- 7 सितंबर 1941 में झाँसी (उत्तर प्रदेश) में जन्मे वर्मा इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले 26वें लेखक होंगे.
- वर्ष 1993 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया.
- वर्ष 1996 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- उनके द्वारा रचित 15 लघु कथाएं, उपन्यास एवं व्यंग्य विभिन प्रकाशन संस्थानों पर प्रकाशित हो चुके हैं.
- उनके द्वारा लिखित कुछ अन्य प्रसिद्ध रचनाएँ हैं – मुझे चांद चाहिए, सूर्य की अंतिम किरण तक आदि.
- उनके द्वारा लिखित नाटक सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक, छह भारतीय भाषाऔं में प्रकाशित हो चुका है.
- इस आरंभ वर्ष 1991 में के के बिड़ला फाउंडेशन द्वारा किया गया.
- इसमें 3.50 लाख, एक प्रशस्ति पत्र तथा इस प्रतीक चिन्ह दिया जाता है. यह सम्मान पिछले 10 वर्ष में प्रकाशित किसी श्रेष्ठ कृति को दिया जाता है.

व्यापार

अत्याधुनिक कार निर्माण हेतु टाटा मोटर्स ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौता किया

देश में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कार निर्माण हेतु टाटा मोटर्स ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौता करने की घोषणा की.

- समझौता कार के भीतर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अनुभव में सुधार हेतु किया गया है. भारत में इस तरह की पहल करने वाली टाटा मोटर्स पहली कंपनी है.
- यह टाटा मोटर्स कंपनी की तरफ से यात्री कार के क्षेत्र में उत्पाद की रणनीति में फेरबदल का हिस्सा है. इसके बाद टाटा मोटर्स कंपनी तकनीकी दिग्गज मसलन गूगल व उबर से मिलने वाली प्रतिस्पर्धा से खुद को सुरक्षित कर सकेगी.
- टाटा मोटर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) व एमडी गुंटर बट्सचेक के अनुसार

माइक्रोसॉफ्ट की एजर इंटेलिजेंट क्लाउड पर मौजूद कनेक्टेड व्हीकल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं.

- इससे कम्पनी के ग्राहकों को कार में डिजिटल सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी.
- कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की कनेक्टेड व्हीकल टेक्नोलॉजी का प्रयोग कृत्रिम बुद्धिमता, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स की क्षमता के साथ करेगी.
- रेनो-निसान के साथ ऐसी ही साझेदारी के ऐलान के समय माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल तकनीकी प्लेटफॉर्म की घोषणा की.

इंडियन पैनोरमा फिल्म फेस्टिवल पोर्ट ब्लेयर में आरंभ

इंडियन पैनोरमा फिल्म फेस्टिवल 15 फरवरी 2017 को पोर्ट ब्लेयर, अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आरंभ हुआ.

- इसका आयोजन अंडमान एवं निकोबार प्रशासन तथा फिल्म फेस्टिवल निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया.
- कार्यक्रम का उद्घाटन अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव अनिंदो मजुमदार द्वारा किया गया. उद्घाटन किये जाने के बाद तेलगु फिल्म निर्देशक एसएस राजमौली की फिल्म बाहुबली की स्क्रीनिंग की गयी.
- पांच दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 15 भाषाओँ की फिल्मे दिखाई जायेंगी. इस फिल्म फेस्टिवल का समापन 19 फरवरी 2017 को होगा.
- इस फिल्म फेस्टिवल में 16 फरवरी 2017 को कौशिक गांगुली द्वारा निर्देशित बांग्ला फिल्म बस्तु शाप दिखाई जाएगी.
- तमिल फ़िल्में रेडियोपेटी, इरुधि सुत्रू आदि भी दिखाई जाएगी. हिंदी भाषी फिल्मों में सुल्तान प्रदर्शित की जाएगी.
- फिल्म फेस्टिवल निदेशालय भारत में अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल आयोजित कराता है. यह इंडियन पैनोरमा फिल्म फेस्टिवल भी आयोजित कराता है.

आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक में भारत का 143वां स्थान

अमेरिकी शोध संस्थान 'द हेरिटेज फाउंडेशन' द्वारा जारी की गयी 'इंडेक्स ऑफ इकनॉमिक फ्रीडम' रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग उसके पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान समेत कई दक्षिण एशियाई देशों से पीछे है.

- आर्थिक स्वतंत्रता के एक वार्षिक सूचकांक में भारत को 143वां स्थान प्रदान

राष्ट्रीय खबर

रैंकिंग एवं रिपोर्ट

किया गया. अर्थशास्त्रियों के अनुसार भारत का यह प्रदर्शन निराशाजनक रहा.

- इस निराशाजनक प्रदर्शन का प्रमुख कारण भारत में बाजार को ध्यान में रखकर किए गए आर्थिक सुधारों से होने वाली प्रगति का 'असमान' होना है.
- 'इंडेक्स ऑफ इकनॉमिक फ्रीडम' रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले पांच साल में औसतन सात प्रतिशत की दर से सतत वृद्धि हुई, लेकिन यह वृद्धि नीतियों में गहरे तक नहीं समाई है.
- जिससे आर्थिक स्वतंत्रता का संरक्षण किया जा सके.
- इस कंजरवेटिव राजनीतिक विचारधारा के शोध समूह की रिपोर्ट में भारत को 'अधिकांशतया गैर-खुली' अर्थव्यवस्था की श्रेणी में स्थान प्रदान किया गया है क्योंकि भारत में बाजार आधारित सुधारों से हुई प्रगति 'असमान' रही है.
- इस सूचकांक में भारत ने कुल 52.6 अंक हासिल किए हैं. जो पिछले साल के मुकाबले 3.6 अंक कम है. पिछले साल इस सूचकांक में भारत की रैंकिंग 123 थी.
- इस सूचकांक में हांगकांग, सिंगापुर और न्यूजीलैंड शीर्ष पर रहे.